सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

F.No. NCST/SER-1978/MCIT/5/2025-RU-II

Dated: 16.02.2026

To,

The Director General,
Department of Posts,
Dak Bhavan, Sansad Marg,
New Delhi – 110001
Email Id: dgpost@indiapost.gov.in, Tel. No: 011-23096187

Sub:- **Petition dated 30.06.2024 of Shri Guguloth Ravi, General Secretary, Postal Scheduled Tribes Employees Welfare Association, Telangana Circle, Hyderabad, Telangana regarding grievance petition of postal Scheduled Tribes Employees Welfare Association, Telangana Circle.**

महोदय/महोदया,

I am directed to enclose herewith a copy of the minutes of the sitting held on 19.01.2026 at 06:30 PM under the Chairmanship of Shri Antar Singh Arya, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi 110003 on the above mentioned subject.

2. It is requested that the action taken/to be taken in the matter may be intimated to NCST within stipulated time from receipt of the letter for placing it before the Commission.

Yours faithfully,

(डॉ.पी.कल्याण रेड्डी/Dr. P. Kalyan Reddy)
निदेशक/Director
Telephone No. : 011-20819841

Copy for information:-

1. Shri Guguloth Ravi,
   General Secretary,
   Postal Scheduled Tribes Employees Welfare Association,
   Telangana Circle, Hyderabad (Telangana)
   Mobile No. 9948360428
2. PS to Hon'ble Chairperson, NCST
3. PS to Hon'ble Member (NC), NCST
4. PS to Hon'ble Member (JH), NCST
5. NIC, NCST for uploading on the website of the Commission

## National Commission for Scheduled Tribes

**Minutes of the Sitting held under the Chairmanship of Shri Antar Singh Arya, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes alongwith other Member (Shri N. Chakma & Shri Jatothu Hussain) at Lok Nayak Bhawan, New Delhi in the case Shri Guguloth Ravi, General Secretary, Postal Scheduled Tribes Employees Welfare Association, Hyderabad regarding various issues of ST Employees in Telangana Circle**

**F. No. NCST/SER-1978/MCIT/5/2025-RU-II**
**Date of the Sitting: 19/01/2026, 6:30 PM**
**Participants in the Sitting: As per Annexure**

Shri Guguloth Ravi, General Secretary,, Postal ST Employees Welfare Association, Telangana Circle, vide his representation dated 30.06.2024 has stated that ST employees in the Department of Posts, Telangana Circle are facing systematic discrimination and neglect due to the dominance of a combined SC/ST employees association, which allegedly failed to protect ST interests, ensure proper implementation of reservation rosters in promotions, and address grievances relating to calculation of vacancies and constitutional safeguards, compelling ST employees to form a separate association in 2021; it is further alleged that the Department has arbitrarily denied limited trade union facilities to the said ST association citing CCS (RSA) Rules despite granting such facilities as an exception to the All India Postal SC/ST Employees Welfare Association and allowing an OBC association to function, and has also failed to take action in a serious case of an employee continuing in service and being promoted on the basis of an allegedly bogus ST caste certificate that was cancelled by the District Collector but stayed by the State authority, with the Department allegedly supporting the employee and dropping disciplinary proceedings without justification; the petitioner has therefore sought the intervention of the Commission to ensure extension of limited trade union facilities to the Postal ST Employees Welfare Association on par with the combined association, strict action in cases of bogus ST certificates, proper implementation of reservation and constitutional provisions in the Department of Posts, and broader protection of ST rights including the demand for a separate State ST Commission in Telangana.

श्री गुगुलोथ रवि, महासचिव, पोस्टल एसटी एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन, तेलंगाना सर्किल, द्वारा दिनांक 30.06.2024 के अपने अभ्यावेदन के माध्यम से बताया गया है कि डाक विभाग, तेलंगाना सर्किल में कार्यरत एसटी कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा हो रही है तथा संयुक्त एससी/एसटी कर्मचारी संघ द्वारा एसटी कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों, पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर के पालन और रिक्तियों की सही गणना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावी रूप से नहीं उठाया गया, जिसके कारण वर्ष 2021 में पृथक एसटी संघ का गठन करना पड़ा। यह भी आरोप

अंतर सिंह आर्य/Antar Singh Arya
अध्यक्ष/Chairperson
भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Scanned with CamScanner

लगाया गया है कि विभाग ने सीसीएस (आरएसए) नियमों का हवाला देकर एसटी संघ को सीमित ट्रेड यूनियन सुविधाएं देने से इनकार किया, जबकि संयुक्त एससी/एसटी संघ को अपवादस्वरूप ऐसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं और एक ओबीसी संघ भी कार्यरत है। इसके अतिरिक्त, एक गंभीर मामले में कथित फर्जी एसटी जाति प्रमाण पत्र पर नियुक्त एवं पदोन्नत कर्मचारी के विरुद्ध प्रमाण पत्र निरस्त होने के बावजूद विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने आयोग से हस्तक्षेप कर एसटी संघ को सीमित ट्रेड यूनियन सुविधाएं प्रदान कराने, फर्जी एसटी प्रमाण पत्र मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा डाक विभाग में एसटी कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की है।

2. In this matter, a sitting was held on 07.05.2025 in which the following recommendations were made and minutes were sent on 16.6.2025 to all concerned with request to submit the ATR within 30 days from receipt of the minutes.

- The Department of Posts to recognise separate association for STs employees of the Postal Department, as circulated by D/o Financial Services, Ministry of Finance, New Delhi vide letter no. 1/4/2024- Welfare dated 22.4.2025, as suggested in the sitting.
- Roster for all Posts of the Postal Department in each of the Circles may be made available online.
- Quarterly meetings with ST Welfare Employees Association of Postal Department may be convened to resolve the issues of ST employees. The Head of Zonal / Regional Offices of the Postal Department may also be advised to conduct the meetings with the ST Welfare Employees Association.
- The Liaison Officer from the ST category may also be nominated .
- The Internal Grievance Redressal Committee for resolving the issues of ST employees within the Department may be constituted, as suggested by NCST in Aug, 2021 to all Ministries / Departments (Copy Enclosed).
- The Travel Allowance and Special Leave may be reimbursed / granted in favor of the petitioner, as per his entitlement.

इस प्रकरण में दिनांक 7.5.2025 को बैठकें आयोजित की गईं। दिनांक 7.5.2025 को आयोजित बैठक में निम्नलिखित सिफारिशें की गईं तथा उनके कार्यवृत्त (मिनट्स) दिनांक 16.6.2025 जारी करते हुये, सभी संबंधितों से आग्रह किया गया की कार्यवृत्त की कार्यवाई रिपोर्ट, पत्र प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर भेजने का कष्ट करे

- डाक विभाग द्वारा डाक विभाग के एसटी कर्मचारियों के लिए पृथक संघ को मान्यता दी जाए, जैसा कि वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा पत्र संख्या 1/4/2024-Welfare दिनांक 22.04.2025 के माध्यम से प्रसारित किया गया है, तथा बैठक में संस्तुत किया गया।
- डाक विभाग के प्रत्येक सर्किल में सभी पदों से संबंधित रोस्टर ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएं।

AS

अंतर सिंह आर्य/Antar Singh Arya
अध्यक्ष/Chairperson
भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Scanned with CamScanner

- डाक विभाग की एसटी वेलफेयर एम्प्लॉइज एसोसिएशन के साथ एसटी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु त्रैमासिक बैठकें आयोजित की जाएं। डाक विभाग के जोनल/क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रमुखों को भी एसटी वेलफेयर एम्प्लॉइज एसोसिएशन के साथ बैठकें आयोजित करने की सलाह दी जाए।
- एसटी श्रेणी से लायजन अधिकारी भी नामित किया जाए।
- विभाग के भीतर एसटी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन किया जाए, जैसा कि एनसीएसटी द्वारा अगस्त, 2021 में सभी मंत्रालयों/विभागों को संस्तुत किया गया था (प्रतिलिपि संलग्न)।
- याचिकाकर्ता के पक्ष में उनकी पात्रता के अनुसार यात्रा भत्ता एवं विशेष अवकाश की प्रतिपूर्ति/स्वीकृति प्रदान की जाए।

3. The Department of Posts vide letter no. SC-05/9/2025-SCT-DOP dated 21.08.2025 has furnished the ATR and informed that the DoPT clarified that recognition or grant of facilities to service associations is governed by the CCS (RSA) Rules, 1993, which prohibit recognition of caste- or tribe-based associations and any proposal in this regard can only be considered in consultation with the Department of Personnel & Training with approval of the competent authority. It has further been stated that instructions for online publication of reservation rosters have already been issued and reiterated to all Circles for strict compliance, quarterly meetings with ST associations are governed by the same rules, a Liaison Officer for SCs/STs is already designated in the Department of Posts. Instructions for constitution of Internal Grievance Redressal Committees for ST employees have been issued to all Circles. The issue of reimbursement of TA/Special Leave to the petitioner has been referred to the concerned administrative division for action, as per existing rules and instructions.

डाक विभाग ने अपने पत्र संख्या SC-05/9/2025-SCT-DOP दिनांक 21.08.2025 के माध्यम से कार्रवाई विवरण (ATR) प्रस्तुत किया है तथा अवगत कराया है कि DoPT ने स्पष्ट किया है कि सेवा संघों को मान्यता देना अथवा सुविधाएँ प्रदान करना CCS (RSA) नियम, 1993 द्वारा शासित है, जिनके अंतर्गत जाति अथवा जनजाति आधारित संघों को मान्यता देने पर प्रतिबंध है और इस संबंध में किसी भी प्रस्ताव पर केवल कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से परामर्श तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरांत ही विचार किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया है कि आरक्षण रोस्टर के ऑनलाइन प्रकाशन हेतु निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं तथा सभी सर्किलों को इनके कड़ाई से अनुपालन हेतु पुनः निर्देशित किया गया है। ST संघों के साथ त्रैमासिक बैठकों का आयोजन भी इन्हीं नियमों द्वारा नियंत्रित होता है। डाक विभाग में SC/ST के लिए एक संपर्क अधिकारी (Liaison Officer) पहले से ही नामित है। ST कर्मचारियों के लिए आंतरिक शिकायत निवारण समितियों के गठन संबंधी निर्देश सभी सर्किलों को जारी किए जा चुके हैं। याचिकाकर्ता को TA/विशेष अवकाश की प्रतिपूर्ति के विषय को वर्तमान नियमों एवं निर्देशों के अनुसार कार्रवाई हेतु संबंधित प्रशासनिक प्रभाग को संदर्भित कर दिया गया है।

4. The reply of D/o Post regarding recognition of separate ST Employees Welfare Association was not satisfactory, hence, NCST decided to discuss the issue with the authority and the petitioner on 19.01.2026. Accordingly, a Sitting Notice was sent on 07.01.2026.The

अंतर सिंह आर्य/Antar Singh Arya
अध्यक्ष/Chairperson
भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Scanned with CamScanner

Director General, Postal Services, New Delhi vide letter dated 16.1.2026 has sought exemption and deputed Member (Pers.) along with DDG (Estt.) & LO for SC/ST to attend the sitting.

पृथक ST कर्मचारी कल्याण संघ की मान्यता के संबंध में डाक विभाग द्वारा दिया गया उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया, अतः NCST ने इस विषय पर प्राधिकारी तथा याचिकाकर्ता के साथ 19.01.2026 को चर्चा करने का निर्णय लिया। तदनुसार, 07.01.2026 को बैठक (सिटिंग) का नोटिस जारी किया गया। डाक सेवाओं के महानिदेशक, नई दिल्ली ने अपने पत्र दिनांक 16.01.2026 के माध्यम से बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट का अनुरोध किया तथा अपने स्थान पर सदस्य (कार्मिक), DDG (स्थापना) एवं SC/ST के लिए संपर्क अधिकारी को बैठक में भाग लेने हेतु नामित किया।

5. In the sitting, the above officers of D/o Posts and petitioners were present. The petitioners has demanded for recognition of separate ST Employees Welfare Association by the Postal Department. The officers of D/o Posts has reiterated the facts and comments submitted vide letter dated 21.8.2025 by the D/o Posts and stated that the matter would be requires consultation of DoPT in the matter.

बैठक में डाक विभाग के उपर्युक्त अधिकारी तथा याचिकाकर्ता उपस्थित थे। याचिकाकर्ताओं ने डाक विभाग द्वारा पृथक अनुसूचित जनजाति (ST) कर्मचारी कल्याण संघ को मान्यता दिए जाने की मांग की। डाक विभाग के अधिकारियों ने अपने पत्र दिनांक 21.08.2025 के माध्यम से प्रस्तुत तथ्यों एवं टिप्पणियों को दोहराया तथा यह बताया कि इस विषय में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) से परामर्श आवश्यक होगा।

6. During discussion, it was clarified that that the Government of India is well-wisher of the STs. Accordingly, in October 1999 had setup a separate Ministry for Scheduled Tribes i.e. Ministry of Tribal Affairs (carved out of Ministry of Social Justice and Empowerment). Thereafter, in year 2004 under Article 338A setup a separate National Commission for Scheduled Tribes (by bifurcation of National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes) and various organizations / schemes have been separated for welfare and advancement of Scheduled Tribes. Therefore, the demand of petitioners are justified as the employment and privileges of ST employees in the Postal Department stands on different footing vis-avis other class of employees.

चर्चा के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि भारत सरकार अनुसूचित जनजातियों की हितैषी है। इसी क्रम में, अक्टूबर 1999 में अनुसूचित जनजातियों के लिए एक पृथक मंत्रालय अर्थात् जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की गई (जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से पृथक किया गया)। इसके पश्चात वर्ष 2004 में, संविधान के अनुच्छेद 338A के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों के लिए एक पृथक राष्ट्रीय आयोग (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय आयोग के विभाजन द्वारा) की स्थापना की गई तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं उन्नति हेतु विभिन्न संगठनों/योजनाओं को पृथक किया गया। अतः याचिकाकर्ताओं की मांग उचित है, क्योंकि डाक विभाग में

अंतर सिंह आर्य/Antar Singh Arya
अध्यक्ष/Chairperson
भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Scanned with CamScanner

अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों का नियोजन एवं उन्हें प्राप्त विशेषाधिकार अन्य वर्गों के कर्मचारियों की तुलना में भिन्न आधार पर स्थित हैं।

7. In the sitting, the officers of D/o Posts had stated that the opinion of DoPT requires for framing the guidelines regarding recognition of separate All India ST Employees Welfare Association. In this context, it is stated that Shri Antar Singh Arya, Hon'ble Chairperson, NCST had a meeting with the officers of DoPT on 17.9.2025 at NCST for setting / recognition of separate ST Employees Welfare Associations. In the meeting, the reference was made to Para 5(f) of notification no. 2/10/80-JCA dated 5.11.1993 of DoPT, which prohibits formation of service Association on caste / tribe / religious basis. However, NCST observed that the over 730 Scheduled Tribes recognised under Article 342 of the Constitution and they may be considered as one community, similar to OBCs, and hence a separate Association for ST employees may be formed to take up their collective concerns. DoPT was requested to examine the matter and issue necessary directions. The DoPT has been requested to examine the matter and issue necessary directions, vide NCST letter no. 12035/1/2025 – Coord. dated 22.9.2025.

बैठक के दौरान, डाक विभाग के अधिकारियों ने यह कहा कि अखिल भारतीय पृथक अनुसूचित जनजाति (ST) कर्मचारी कल्याण संघ की मान्यता/दिशानिर्देश तैयार करने के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) की राय आवश्यक है। इस संदर्भ में यह उल्लेख किया गया कि श्री अंतर सिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, NCST ने 17.9.2025 को NCST में DoPT के अधिकारियों के साथ पृथक ST कर्मचारी कल्याण संघों की स्थापना/मान्यता के संबंध में एक बैठक की थी। बैठक में DoPT की अधिसूचना संख्या 2/10/80-JCA दिनांक 5.11.1993 के पेरा 5(एफ) का संदर्भ दिया गया, जिसमें जाति/जनजाति/धार्मिक आधार पर सेवा संघ के गठन पर प्रतिबंध लगाया गया है। तथापि, NCST ने यह अवलोकन किया कि संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त 730 से अधिक अनुसूचित जनजातियाँ हैं और उन्हें एक समुदाय के रूप में, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की भांति, माना जा सकता है; अतः ST कर्मचारियों की सामूहिक समस्याओं को उठाने हेतु एक पृथक संघ का गठन किया जा सकता है। इस विषय की जांच कर आवश्यक निर्देश जारी करने हेतु DoPT से अनुरोध किया गया। इस संबंध में NCST के पत्र संख्या 12035/1/2025-Coord. दिनांक 22.9.2025 के माध्यम से DoPT से मामले की जांच कर आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है।

8. The NCST in its 158th meeting vide Agenda No. 158.17 has also decided to separate the ST Employees Welfare Associations from the existing SC/ST Employees Welfare Associations across PSU/PSE, Autonomous Bodies, Departments and attached offices.

NCST ने अपनी 158वीं बैठक में, एजेंडा संख्या 158.17 के अंतर्गत, PSU/PSE, स्वायत्त निकायों, विभागों तथा संबद्ध कार्यालयों में विद्यमान SC/ST कर्मचारी कल्याण संघों से, ST कर्मचारी कल्याण संघों को पृथक करने का भी निर्णय लिया है।

9. It was also clarified that CCS (RSA) Rules, 1993 is restricted for formulation of the association in the name of caste / tribe. It means, the association in the name of one Tribe is restricted, but the demand of ST employees of Postal Department for recognition of separate

अंतर सिंह आर्य/Antar Singh Arya
अध्यक्ष/Chairperson
भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Scanned with CamScanner

ST Employees Welfare Association. In other words, the association will be for the STs (number of ST communities).

यह भी स्पष्ट किया गया कि CCS (RSA) नियम, 1993 जाति/जनजाति के नाम पर संघ के गठन को प्रतिबंधित करता है। इसका अर्थ यह है कि किसी एक जनजाति के नाम पर संघ बनाना प्रतिबंधित है, किंतु डाक विभाग के अनुसूचित जनजाति (ST) कर्मचारियों द्वारा पृथक ST कर्मचारी कल्याण संघ की मान्यता की मांग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। दूसरे शब्दों में, यह संघ अनुसूचित जनजातियों (अर्थात अनेक ST समुदायों) के लिए होगा।

10. After discussion with the officers of Postal Department and petitioners, the following recommendations were made and action taken there on may be submitted to NCST within 30 days from receipt of the Minutes.

- The Department of Posts is advised recognise separate ST Employees Welfare Association of the Postal Department.
- The petitioners are advised that in the sittings of NCST in relation to this case, only 2 or 3 representatives may attend for the subsequent sittings, if any.
- The TA and Special Leave may be reimbursed / granted in favour of the petitioners, as per their entitlement and rules.

डाक विभाग के अधिकारियों तथा याचिकाकर्ताओं के साथ चर्चा के उपरांत निम्नलिखित सिफारिशें की गईं तथा उन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट, कार्यवृत (मिनट्स) प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर NCST को प्रस्तुत की जाए।

- डाक विभाग को, डाक विभाग में पृथक अनुसूचित जनजाति (ST) कर्मचारी कल्याण संघ को मान्यता देने की सलाह दी जाती है।
- याचिकाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि इस प्रकरण से संबंधित NCST की बैठकों में, यदि आगे कोई बैठक होती है, तो केवल 2 या 3 प्रतिनिधि ही भाग लें।
- नियमों एवं पात्रता के अनुसार, याचिकाकर्ताओं के पक्ष में यात्रा भत्ता (TA) एवं विशेष अवकाश प्रदान/प्रतिपूर्ति किया जाए।

(अंतर सिंह आर्य)
अध्यक्ष
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

अंतर सिंह आर्य/Antar Singh Arya
अध्यक्ष/Chairperson
भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Scanned with CamScanner

F. No. NCST/SER-1978/MCIT/5/2025-RU-II

List of participants of the sitting held on 19.1.2026 at 6:30.... under the chairmanship of Shri Antar Singh Arya, Hon'ble Chairperson, NCST at New Delhi.

| Sr. No. | Name and Designation | Address & Phone No. | Signature |
|---|---|---|---|
| I | National Commission for Scheduled Tribes | | |
| 1. | Sh. N. Chalama, Hon'ble Member | | |
| 2. | Shri Jatothu Hussain<br>Hon'ble Member | | |
| 3. | | | |
| 4. | Dr. P.Kalyan Reddy<br>Director | | |
| 5. | NCST Officials | | |
| II | D/o Posts | | |
| Sr. No. | Name, Designation and Address | Phone No. | Signature |
| 1 | Surendra Kumar<br>Member (P) | 9771622030 | [signature] |
| 2. | Rajkumar<br>DDG (E&H) & L.O. | 9868209109 | [signature] |
| | | | |
| III | Petitioner | | |
| 1 | Guguloth Ravi<br>Founder All India General Secretary<br>All India Postal ST Employees Welfare Association | 9963542498 | [signature] |
| 2. | Indra Raj Meena<br>SARNS SP Dn Jaipur | 7895208197 | [signature] |
| 3. | B.L. Meena | 9868764141 | [signature] |
| 4. | Sreenivas. M. J. | National President AIPSTEWA | [signature] |
| 5. | R. Manjunatha<br>A.G.S AIPSTEWA<br>Nanjangud. 571301 | 9900662579 | [signature] |
| 6. | Yallaling Bhosle | | [signature] |